JALAUN POLICE

दिनांक – 01.03.2026

होली के पावन पर्व के अवसर पर पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए, त्यौहार को आपसी भाईचारा, सद्भावनापूर्ण, सुरक्षित व शान्ति/सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए अपील की गयी।

साथ ही जनहित में एडवाइजरी जारी की गई है :-

- होलिका दहन ऐसे स्थानों पर करें, जहां बिजली के तार व आस-पास कोई आवास या कोई ज्वलनशील पदार्थ न हो।
- त्यौहार मनाते समय सार्वजनिक मार्ग को अवरुद्ध न करें।
- नशे की हालत में वाहन न चलाएं। मोटर साइकिल पर तीन सवारी बैठकर न चलें एवं अनियंत्रित गति से वाहन न चलाएं, "यातायात नियमों का पालन करें"
- केमिकल युक्त रंगों से परहेज करें व किसी के ऊपर जबरजस्ती रंग न डालें।
- फोन कॉल एवं सोशल मीडिया के माध्यम से होली त्योहार के नाम पर किसी भी प्रकार के प्रलोभन/ऑफर देने वाले हाइपरलिंक/यूआरएल को न खोलें व किसी अनजान क्यूआर कोड को स्कैन न करें, ये आपकी निजी और वित्तीय जानकारियों को जोखिम में डाल सकते हैं।
- मजहबी स्थलों व संवेदनशील स्थानों पर रंग डालने से बचें ताकि सांप्रदायिक सौहार्द व भाईचारा बना रहे। सार्वजनिक स्थलों पर शांति व्यवस्था बनाए रखें।
- सोशल मीडिया(WhatsApp, Facebook, Instagram इत्यादि) पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट न डालें।
- किसी अप्रिय घटना होने पर तत्काल स्थानीय थाना पुलिस को सूचना दें एवं तत्काल यूपी-112 पर कॉल कर सूचित करें।
- किसी भी प्रकार की अफवाह न फैलाएं और न ही उस पर ध्यान दें।
- कानून विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर आपके विरुद्ध कडी कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जा सकती है।

जालौन पुलिस आपकी सेवा में सदैव तत्पर है।